महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश में हस्तशिल्पों और वस्त्रों का विकास

*139. **श्री चीमनभाई हरीभाई शुक्ला:** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1997-98 के दौरान, देश के विभिन्न भागों में और विशेषतया महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश में हस्तशिल्पों और वस्त्रों के विकास पर राज्यवार कितनी-कितनी धन-राशि व्यय की गई;

(ख) सरकार ने हस्तशिल्प के विकास के लिए क्या सकारात्मक कदम उठाए हैं;

(ग) देश में हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण कारीगरों को दिए जा रहे प्रोत्साहनों एवं सुविधाओं का ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इस सम्बंध में सरकार द्वारा क्या आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं?

वस्त्र मंत्री (श्री काशीराम राणा): (क) वर्ष 1997-98 के दौरान हस्तशिल्प एवं वस्त्र के विकास पर कुल योजनागत व्यय, अनन्तिम रूप से 254.84 करोड़ रुपये हुआ। हस्तशिल्पों तथा वस्त्रों के लिए योजनागत निधियां उन कार्यकलापों के लिए रिलीज़ की जाती हैं, जो राज्य विशेष तथा/अथवा क्षेत्र विशेष से सम्बंधित होती हैं। प्राप्त सूचना के अनुसार वर्ष 1997-98 के लिए हस्तशिल्प तथा हथकरघा को राज्य-वार रिलीज की गई राशि संलग्न विवरण के अनुसार है **(नीचे देखिए)**।

(ख) सरकार द्वारा हस्तशिल्प के विकास के लिए उठाए गए सकारात्मक कदमों में, प्रशिक्षण, डिजाइन विकास, विपणन, शिल्प विकास केन्द्रों तथा सामान्य सुविधा केन्द्रों की स्थापना, नए एम्पोरियम खोलना तथा विद्यमान एम्पोरियमों का नवीकरण/विस्तार आदि शामिल है।

(ग) देश में हस्तशिल्प उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा ग्रामीण कारीगरों को दिए जाने वाले प्रोत्साहनों एवं सुविधाओं के अन्तर्गत, प्रशिक्षणार्थियों को वजीफा, चयनित मेलों/त्योहारों में भाग लेने वाले कारीगरों को माल की निःशुल्क परिवहन सुविधा और यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देना, वर्कशेड-कम-हाउसिंग की स्थापना हेतु आर्थिक सहायता, समूह बीमा, शुल्क वापसी, रियायती ब्याज दरों पर लदान-पूर्व एवं लदान-उपरांत ऋण और कालीन ग्रेड ऊन के आयात पर शुल्क की रियायती दर आदि शामिल है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

विवरण

(लाख रुपये में)

क्रम सं॰	राज्य	1997-98 में दी गई धनराशि	
		हथकरघा	हस्तशिल्प
1.	आन्ध्र प्रदेश	1352.52	49.56
2.	अ॰ नि॰ द्वीप समूह	—	2.26
3.	अरुणाचल प्रदेश	100.66	6.18
4.	असम	805.44	142.87
5.	बिहार	53.72	19.13
6.	दिल्ली	—	105.53
7.	गोवा	—	47.65
8.	गुजरात	6.20	79.65
9.	हरियाणा	15.89	54.52
10.	हिमाचल प्रदेश	79.11	66.93
11.	जम्मू एवं कश्मीर	159.74	38.92
12.	कर्नाटक	143.34	46.29
13.	केरल	523.01	32.57
14.	मध्य प्रदेश	311.09	58.89
15.	महाराष्ट्र	93.24	53.27
16.	मणिपुर	—	27.76
17.	मेघालय	—	1.02
18.	मिजोराम	20.00	7.05
19.	नागालैंड	1239.94	22.27
20.	उड़ीसा	246.55	109.01
21.	पंजाब	—	20.77
22.	पाण्डीचेरि	—	2.80
23.	राजस्थान	123.00	31.31
24.	सिक्किम	18.80	2.01
25.	तमिलनाडु	969.01	36.45
26.	त्रिपुरा	34.36	54.53
27.	उत्तर प्रदेश	440.10	206.44
28.	पश्चिमी बंगाल	188.65	83.24
	कुल	6924.37	1408.88